web: www.nyaysakshi.com

पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल

पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 19

## महत्वपूर्ण एवं खास

### झारखंड में ईडी का बड़ा एक्शन : मंत्री मिथिलेश ठाकुर के ठिकानों पर छापेमारी, भाई और पीएस के आवास पर भी दी दबिश

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड में हेमंत सरकार के मंत्री मिथिलेश ठाकुर के ठिकानों पर ईडी की टीम रेड करने पहुंची है। जानकारी के अनुसार मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस और उनके भाई के घर पर भी ईडी की टीम ने रेड की है। ईडी ने एक साथ 20 जगहों पर रेड की है। मिथिलेश ठाकुर के चाईबासा स्थित आवास पर भी ईडी की टीम ने छापेमारी की है। ईडी की टीम मंत्री मिथिलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह और मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स के यहां छापेमारी कर रही है। वहीं इसके अलावा आईएएस मनीष रंजन घर भी रेड की खबर है। बता दें, सर्च ऑपरेशन की कार्रवाई के दौरान एक पीएस स्तर के अधिकारी के यहां भी रेड की खबर मिल रही है। जानकारी के अनुसार आईएएस का नाम मनीष रंजन है। जानकारी के अनुसार ईडी की यह कार्रवाई जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़ा मामला को लेकर हो रही है।

### मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी ने पहली बार की पीएम मोदी से मुलाकात

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों की शिष्टाचार मुलाकात पीएम आवास पर हुई। इसकी तस्वीर प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की है। दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के बाद आतिशी ने पहली बार पीएम मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद सीएम आतिशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की। मैं हमारी राजधानी के कल्याण और प्रगति के लिए केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच पूर्ण सहयोग की आशा करती हूं। दिल्ली के सीएम पद से अरविंद केजरीवाल के इस्तीफा देने के बाद 21 सितंबर को आतिशी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। उन्हें उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई थी। आतिशी कालकाजी सीट से विधायक हैं और दिल्ली सरकार के कई विभागों की जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं।

### 17 अक्टूबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे नायब सिंह सैनी, तैयारियां तेज

**पंचकूला (आरएनएस)।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में 48 सीट जीतकर लगातार तीसरी बार सरकार बनाने जा रही भाजपा ने इतिहास रचा है। अब हरियाणा की जनता को उनका मुख्यमंत्री मिलने जा रहा है। 17 अक्टूबर को प्रदेश के अगले मुख्यमंत्री के तौर पर नायब सैनी शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा के कई दिग्गज नेता शामिल होंगे। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पंचकूला के सेक्टर-5 शालीमार ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। इससे पहले सेक्टर-5 परेड ग्राउंड में कार्यक्रम रखा गया था। लेकिन किसी कारणवश कार्यक्रम स्थल में बदलाव किया गया है। अब इसे पंचकूला के सेक्टर-5 शालीमार दशहरा ग्राउंड में किया जा रहा है।

## पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए 24 घंटे में 1.55 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने किया रजिस्ट्रेशन

**नई दिल्ली | आरएनएस**



पीएम इंटर्नशिप स्कीम को लॉन्च होने के साथ ही अच्छा रिस्पॉन्स मिलना शुरू हो गया है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, हाल ही में शुरू की गई पीएम इंटर्नशिप स्कीम के लिए महज 24 घंटे में 1,55,109 उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

स्कीम के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शनिवार को शुरू हो गई थी, पोर्टल पर 24 सेक्टर में 90 हजार से ज्यादा इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2024 का बजट पेश करते हुए इस स्कीम का ऐलान किया था। स्कीम का उद्देश्य अगले पांच वर्षों में लगभग 1 करोड़ युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है।

इस स्कीम का उद्देश्य युवा बेरोजगारी को दूर करना है और इन युवाओं को प्रशिक्षण के साथ तैयार कर प्रतिभा की तलाश करने वाली कंपनियों से जोडऩा है।

जुबिलैंट फूडवर्क्स, मारुति सुजुकी इंडिया, एलएंडटी, मुथूट फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी प्रमुख निजी कंपनियां उन 193 कंपनियों में शामिल हैं, जिन्होंने प्लेटफॉर्म पर इंटर्नशिप के अवसर पोस्ट किए हैं।

इंटर्नशिप 24 सेक्टरों और 20 से अधिक क्षेत्रों में उपलब्ध है, जिनमें परिचालन प्रबंधन, उत्पादन, रखरखाव और बिक्री शामिल हैं। इस पहल को तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा और आतिथ्य, ऑटोमोटिव और बैंकिंग जैसे क्षेत्रों से भी मदद मिली है।

यह पोर्टल आधार-आधारित रजिस्ट्रेशन और बायोडाटा जनरेशन जैसे टूल्स के जरिए विभिन्न क्षेत्रों में इंटर्नशिप करने के इच्छुकों की पहुंच बनाता है।

इस स्कीम का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के 737 जिलों में 1.2 लाख से अधिक इंटर्नशिप कराना है।

इसके अलावा, शीर्ष कंपनियां ऐसे पदों की पेशकश भी कर रही हैं जो रोजगार को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।

स्कीम का प्रबंधन कर रहे कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के अनुसार, यह युवाओं के कौशल को सुनिश्चित करने के लिए सरकार की एक परिवर्तनकारी पहल है, जिससे उनकी रोजगार क्षमता बढ़ेगी।


स्कीम के लिए चुने गए युवाओं को एक वर्ष के लिए भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप करने का अवसर मिलेगा और साथ ही 5,000 रुपये प्रतिमाह भत्ता और 6,000 रुपये एकमुश्त अनुदान भी मिलेगा।

स्कीम के लिए आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को हाई स्कूल या हायर सेकेंडरी स्कूल उत्तीर्ण होना चाहिए और इसके साथ आईटीआई से प्रमाण पत्र होना चाहिए या पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा होना चाहिए । इसके अलावा, बीए, बीएससी, बीकॉम, बीसीए, बीबीए, बी फार्मा आदि डिग्री के साथ स्नातक होना चाहिए।

अभ्यर्थी पीएमइंटर्नशिप डॉट एमसीएम डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## नवी मुंबई के एनआरआई कॉम्प्लेक्स की बिल्डिंग में आग, दमकल की पांच गाड़ियां मौजूद

**मुंबई | आरएनएस**



महाराष्ट्र के नवी मुंबई में सोमवार सुबह बिल्डिंग में आग लग गई। जिस पर पर काबू पाने के लिए मौके पर अग्निशमन की कई गाडिय़ां पहुंच गईं। इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

पूरी घटना, नवी मुंबई के एनआरआई कॉम्प्लेक्स के 47 नंबर टावर की है। जिसकी 17वीं मंजिल पर भीषण आग लग गई। घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। मौके पर अग्निशमन की कई गाडिय़ां पहुंच चुकी हैं, जो आग बुझाने में लगी हुई हैं।

आग लगने की घटना सुबह छह बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद लोगों ने बिल्डिंग को खाली कर दिया। आग किन कारणों से लगी है अभी तक इसका पता नहीं चला है।

मीडिया रिपोर्ट की मानें तो सूचना पाकर मौके पर अग्निशमन की पांच गाडिय़ां पहुंच गई और आग को बुझाने में जुट गई हैं। राहत की बात यह रही कि अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। फिलहाल जब तक हालात पर काबू नहीं पा लिया जाता तब तक लोगों को बिल्डिंग से दूर रहने की हिदायत दी गई है।

बता दें कि इससे पहले छह अक्टूबर को मुंबई के चेंबूर इलाके के सिद्धार्थ कॉलोनी में भी आग ने तबाही मचाई थी। तीन मंजिला इमारत में आग लग गई थी, जिसमें तीन बच्चों समेत सात लोगों की जलकर मौत हो गई थी।

आग ग्राउंड फ्लोर से बढ़ती हुई पहली मंजिल तक पहुंची थी। ग्राउंड फ्लोर पर दुकान थी और ऊपर परिवार रहता था। पहली मंजिल इसकी चपेट में आ गई थी। घटना के चश्मदीदों ने बताया था कि सबसे पहले बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर आग भडक़ी थी, लेकिन देखते ही देखते, पहली मंजिल भी इसके चपेट में आ गई। सभी सो रहे थे और इसलिए रेस्क्यू नहीं किया जा सका था।

## गुजरात में बड़े ड्रग रैकेट का भंडाफोड़, 5000 करोड़ की 518 किलो कोकीन बरामद; 5 गिरफ्तार

**गांधीनगर/नई दिल्ली | आरएनएस**



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल और गुजरात पुलिस ने रविवार को गुजरात के अंकलेश्वर में अवकार ड्रग्स लिमिटेड कंपनी की तलाशी में 518 किलो (518 किलो) कोकेन बरामद की। कोकीन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभगन 5000 करोड़ रुपये तक आंकी जा रही है। दिल्ली-गुजरात पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। मौके से 5 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है।

इसी मामले में 1 अक्टूबर, 2024 को दिल्ली के स्पेशल सेल ने महिपालपुर में तुषार गोयल नाम शख्स के गोदाम पर छापेमारी करके 562 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप को जब्त किया थी। जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की एक दुकान से लगभग 208 किलो अतिरिक्त कोकीन बरामद हुई।

पूछताछ के दौरान पता कि बरामद मादक पदार्थ फार्मा सलूशन सर्विसेज नाम की कंपनी का था और ये मादक पदार्थ गुजरात के अंकलेश्वर की अवकार ड्रग्स लिमिटेड कम्पनी से आया था। इस मामले में अब तक कुल 1,289 किलो कोकेन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक थाईलैंड की मारिजुआना बरामद हो चुकी है। जिसकी कीमत 13,000 करोड़ रुपये है मामले की जांच जारी है। बता दें कि इस मामले की जांच ईडी भी कर रही है। ईडी ने मनी लांड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया है। शनिवार को ईडी ने इस मामले से जुड़े कई लोगों के ठिकानों पर रेड की थी।

## ग्रेटर नोएडा में आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करेगी योगी सरकार, 'तीसरी आंख' बनेगी आधार

**लखनऊ | आरएनएस**

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार ने ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। सीएम योगी के विजन अनुसार, ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में इंटीग्रेटेड एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) की जल्द स्थापना होगी, जो ग्रेटर नोएडा के यातायात प्रबंधन और सुरक्षा में 'तीसरी आंख' के तौर पर कार्य करेगा।

परियोजना के अंतर्गत, 227.60 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए ग्रेटर नोएडा के 357 लोकेशंस पर हाई क्वॉलिटी सीसीटीवी सर्विलांस कैमरों की स्थापना की जाएगी, जिससे ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के चप्पे-चप्पे की निगरानी हो सकेगी।

आईएसटीएमएस की स्थापना के जरिए क्षेत्र के यातायात प्रबंधन को अधिक कुशल व सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न तकनीकों की एकीकरण प्रक्रिया पर फोकस किया जाएगा। इस परियोजना में एक व्यापक यातायात प्रबंधन प्रणाली, वीडियो निगरानी, आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली व सार्वजनिक सूचना प्रणाली विकसित होगी।

वहीं, प्रक्रिया के अंतर्गत, इंटीग्रेटेड कमांड व कंट्रोल सेंटर (आईसीसी) की भी स्थापना होगी, जिससे नागरिकों व यहां आने वाले आगंतुकों की जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वार इस प्रक्रिया को पूरा कराया जाएगा।

इंटीग्रेटेड एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईएसटीएमएस) को सेफ सिटी एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (एससीएमसी) नाम से भी जाना जाता है। आईटीएमएस का उद्देश्य कानून प्रवर्तन एजेंसियों और यातायात प्रबंधकों को नागरिकों, संपत्तियों, यातायात प्रवाह और यातायात भीड़/घटनाओं के बारे में वास्तविक समय और पूर्वानुमानित जानकारी प्रदान करना है।

समाधान को विशेष रूप से महिला, बच्चे और वरिष्ठ नागरिकों के लिए नागरिक सुरक्षा में सुधार लाने के साथ-साथ अनुकूली नियंत्रण और विश्लेषण के माध्यम से शहरी सडक़ों की सुरक्षा और प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए लागू किया जाएगा।

वीडियो निगरानी कैमरों, स्मार्ट ट्रैफिक सिग्नल नियंत्रण, गतिशीलता में आसानी, आपातकालीन सेवाओं का प्रबंधन, डेटा एनालिटिक्स, रूटिंग और डिस्पैचिंग सेवाएं, सार्वजनिक सूचना प्रणाली आदि को प्रक्रिया के जरिए सुनिश्चित किया जाएगा। यातायात प्रबंधन प्रणाली में कनेक्टिविटी, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकियों के पारिस्थितिकी तंत्र के उचित कामकाज के लिए सभी आवश्यक घटक होंगे।

## 'नासिक आने से पहले होगा बड़ा धमाका' एयर इंडिया फ्लाइट के बाद मुंबई हावड़ा मेल को भी बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई | आरएनएस**




सोमवार को मुंबई हावड़ा मेल में ब्लास्ट की धमकी दी गई। जांच एजेंसियां अलर्ट मोड में आ गईं और उन्होंने पूरी ट्रेन में तलाशी अभियान चलाया। धमाके की धमकी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी गई थी। सोशल मीडिया पोस्ट में टाइमर के जरिए नासिक के बाद धमाके की धमकी दी गई। 'एक्स' पोस्ट में महाराष्ट्र पुलिस के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया गया है।

बम धमाके की घटना के बाद मुंबई हावड़ा मेल को सोमवार सुबह चार बजे जलगांव में रोकर तलाशी ली गई। करीब दो घंटे सघन जांच के बाद सुरक्षाकर्मियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, ऐसे में बम मिलने की धमकी मात्र अफवाह साबित हुई।

फजलुद्दीन नामक अकाउंट के जरिए ट्रेन को उड़ाने की धमकी दी गई। इसमें लिखा था कि क्या रे हिंदुस्तानी रेलवे आज सुबह खून के आंसू रोओगे तुम लोग आज फ्लाइट में भी बम रखवाया है और 12809 ट्रेन में भी रखवाया है नासिक आने से पहले बड़ा धमाका होगा।

बता दें कि इससे पहले मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी भी मिली। इसके बाद हवाई जहाज को दिल्ली की तरफ डायवर्ट कर दिया गया। फिलहाल तलाशी जारी है। जिसके बाद विमान को दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां फ्लाइट की गहनता से जांच कर रही हैं।

दिल्ली पुलिस की ओर से इसे लेकर जानकारी उपलब्ध कराई गई है। कहा गया है, मुंबई से न्यूयॉर्क जा रहे एयर इंडिया के एक विमान को फ्लाइट में बम की धमकी के मद्देनजर दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया। विमान फिलहाल आईजीआई एयरपोर्ट पर खड़ा है और उसमें सवार यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी मानक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक एयर इंडिया विमान ने देर रात 2 बजे मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से उड़ान भरी थी। विमान न्यूयॉर्क जा रहा था। फ्लाइट को टेकऑफ हुए थोड़ा ही वक्त बीता था कि उसे बम से उड़ाने की धमकी मिली जिसके बाद दिल्ली डायवर्ट कराया गया।

## दिल्ली में 1 जनवरी तक पटाखों पर सरकार ने लगाया बैन

**नई दिल्ली | आरएनएस**



दिल्ली सरकार ने सोमवार को आदेश जारी करते हुए 1 जनवरी तक पटाखे के उत्पादन, भंडारण और बिक्री पर रोक लगा दी है। दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा यह पत्र जारी किया गया है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी गोपाल राय ने पत्र को पोस्ट करते हुए लिखा है कि सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए आज से 1 जनवरी तक पटाखों के उत्पादन ,भंडारण, बिक्री व उपयोग पर प्रतिबंध लागू। प्रतिबंध को लेकर दिल्ली सरकार ने जारी किया निर्देश। सभी दिल्ली वालों से सहयोग का अनुरोध।

दिल्ली सरकार के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा जारी किए गए पत्र के मुताबिक वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 31 (ए) के तहत दिल्ली के एनसीटी में विनिर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और सभी प्रकार के पटाखों को फोडऩे पर प्रतिबंध लगाए जा रहा है।

दिल्ली सरकार ने 1 जनवरी 2025 तक सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री (ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से डिलीवरी सहित) और उन्हें फोडऩे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। दिल्ली पुलिस को निर्देशों को लागू करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली सरकार ने इस पत्र की कॉपी सभी विभाग और दिल्ली के उपराज्यपाल दफ्तर को भी भेजी है।

गौरतलब है कि लगातार अब वायु प्रदूषण बढ़ता जा रहा है और एक्यूआई खतरनाक स्थिति में पहुंचने लगा है। दिल्ली ही नहीं बल्कि नोएडा और गाजियाबाद समेत आसपास के इलाकों में एक्यूआई खतरनाक लाल निशान के पार पहुंच गया है। आने वाले समय में यह प्रदूषण और भी ज्यादा बढ़ेगा और इससे आम जनता को सांस लेने संबंधी समस्याएं भी शुरू हो जाएंगी।

## बाबा सिद्दीकी मर्डर केस : चौथे आरोपी जीशान अख्तर के घर पर ताला, परिजन गायब

**जालंधर | आरएनएस**

मुंबई में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या का चौथा आरोपी जीशान अख्तर पंजाब के जालंधर स्थित शंकर गांव का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक हत्याकांड के इस आरोपी के घर पर ताला लगा हुआ है और उसके परिजन गायब हो चुके हैं।

जीशान अख्तर, शंकर गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ा है। उसकी मां और एक बहन की मौत हो चुकी है, जबकि पिता और एक भाई घर छोडक़र जा चुके हैं। फिलहाल घर में ताला लगा हुआ है।

उसी गांव के एक युवक ने पत्रकारों को बताया कि जीशान अख्तर पहले ठीक था। लेकिन, जब से ये बिश्नोई गैंग में गया, तब से गांव में नहीं आया। खबरों से पता चला कि महाराष्ट्र के नेता की हत्या में इसका नाम शामिल है। उन्होंने बताया कि तीन-चार साल पहले जीशान अख्तर बिश्नोई गैंग में गया था। सिद्धू मूसेवाला मर्डर में भी इसका नाम शामिल था।

युवक ने बताया कि आरोपी के पिता की गांव में किसी से झगड़ा हुआ था, उसका बदला लेने के लिए ये बिश्नोई गैंग में चला गया। एक अन्य ग्रामीण ने बताया करीब पिछले 15 दिनों से जीशान अख्तर का परिवार गायब है। उसके पिता टाइल्स से जुड़ा काम करते थे।

## बहराइच हत्याकांड को लेकर बवाल-पथराव-आगजनी और लाठीचार्ज, हिरासत में लिए गए 30 लोग

**बहराइच | आरएनएस**



उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए बवाल के बाद सोमवार को एक बार फिर से आगजनी और तोडफ़ोड़ की गई। कई दुकानों और घरों में तोडफ़ोड़ की गई। बाइक के शोरूम और एक अस्पताल में आग लगा दी गई है। वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। दवाइयों को जला दिया गया है। मामले को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस ने मार्च किया। अगल बगल इलाके की पुलिस को भी बुला लिया गया है।

इस मामले में मौके पर गृह सचिव संजीव गुप्ता और एडीजी (कानून-व्यवस्था) और एसटीएफ चीफ अमिताभ यश को भेजा गया है। फिलहाल 30 लोगों को हिरासत में लिया गया है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी ने दंगाइयों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। साथ ही ताजा हालात पर रिपोर्ट मांगी है। अफवाह फैलाने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने हत्या के आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए कहा है। डीएम मोनिका रानी ने कहा कि हम स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं।

सोमवार को हिंसा में मारे गए युवक के शव को लेकर भीड़ निकली तो पुलिस ने रास्ते में रोका। ग्रामीण लाठी-डंडों के साथ सडक़ों पर उतर आए। विरोध प्रदर्शन हिंसक होने पर पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और लाठीचार्ज कि?या। इस दौरान भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह भी साथ थे। पुलिस ने समझाया तो परिवार शव लेकर घर चला गया। लेकिन भीड़ आक्रोशित हो गई। उन्होंने महसी तहसील की मेन मार्केट में आगजनी की। मृतक गोपाल के भाई वैभव मिश्रा ने कहा कि हम लोग मूर्ति ले जाकर जा रहे थे। इसी दौरान अब्दुल हमीद के घर से अचानक पथराव शुरू हो गया। वहां पर पुलिस थी, लेकिन उसने कोई कार्रवाई नहीं की। हमारे बड़े भाई ने आगे बढक़र उन्हें रोकने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने उन लोगों को धक्का देकर अंदर कर दिया। इस दौरान 15 से 20 गोलियां चलीं। पुलिस ने हम लोगों पर ही लाठीचार्ज कर दिया। हम चाहते हैं, थाना पुलिस पर कार्रवाई हो।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश की शांति और सौहार्द बिगाडऩे की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। दंगाइयों को संरक्षण देने वाले एक बार फिर सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क और सजग रहना होगा। प्रदेश के उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों को क़ानून के दायरे में लाकर सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। सभी नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं। इससे पहले, बहराइच सांप्रदायिक हिंसा में जान गंवाने वाले रामगोपाल मिश्रा का पोस्टमार्टम सुबह सात बजे पूरा हुआ। इसके बाद शव उनके घर की तरफ रवाना किया गया था। इस घटना के बाद इलाके में तनाव है।

गौरतलब हो कि बहराइच में महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में गाने को लेकर हुए विवाद के बाद दूसरे समुदाय के युवकों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे दुर्गा प्रतिमा खंडित होने पर पूजा समिति के सदस्यों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया तो दूसरे समुदाय के लोगों ने रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। उसे बचाने पहुंचे राजन भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना का पूरे जिले में विरोध शुरू हो गया। विसर्जन कमेटी के लोगों ने बहराइच-सीतापुर हाईवे पर चहलारी घाट पुल के पास जाम लगा प्रदर्शन शुरू कर दिया। बहराइच-लखनऊ हाईवे भी जाम कर दिया गया। इसके विरोध में प्रदर्शन के साथ आगजनी और पथराव हुआ था।